# NEET (National Eligibility cum Entrance Test)

NEET UG 2020 — Set E1 (English & Hindi)

Free previous year question paper, downloaded from learnera.academy.
No account required — provided for personal exam preparation.

Original source: neet.nta.nic.in (official NTA archive) — the exam's own official conducting body.

परीक्षा पुस्तिका संकेत
Test Booklet Code

# E1

Hindi+English

# KANHA

No.:

इस पुस्तिका में 44 पृष्ठ हैं।
This Booklet contains 44 pages.

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

***महत्वपूर्ण निर्देश :***

1. उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर ध्यानपूर्वक **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर केवल **नीले / काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **3 घंटे** है एवं परीक्षा पुस्तिका में **180** प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न **4** अंक का है। प्रत्येक सही उत्तर के लिए परीक्षार्थी को **4** अंक दिए जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल योग में से **एक अंक** घटाया जाएगा। अधिकतम अंक **720** हैं।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले / काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. रफ कार्य इस परीक्षा पुस्तिका में निर्धारित स्थान पर ही करें।
5. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी कक्ष / हॉल छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र कक्ष निरीक्षक को अवश्य सौंप दें। परीक्षार्थी अपने साथ प्रश्न पुस्तिका को ले जा सकते हैं।**
6. इस पुस्तिका का संकेत है **E1**। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है। अगर यह भिन्न हो तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएं।
7. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएं। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक प्रश्न पुस्तिका / उत्तर पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र ना लिखें।
8. उत्तर पत्र पर किसी प्रकार के संशोधन हेतु व्हाइट फ़्लूइड के प्रयोग की अनुमति **नहीं** है।

***Important Instructions :***

1. The Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **side-1** and **side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **3 hours** duration and Test Booklet contains **180** questions. Each question carries **4** marks. For each correct response, the candidate will get **4** marks. For each incorrect response, **one mark** will be deducted from the total scores. The maximum marks are **720**.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/marking responses.
4. Rough work is to be done on the space provided for this purpose in the Test Booklet only.
5. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the invigilator before leaving the Room/Hall. The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.**
6. The CODE for this Booklet is **E1**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Test Booklet. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
7. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Test Booklet/Answer Sheet.
8. Use of white fluid for correction is **NOT** permissible on the Answer Sheet.

**प्रश्नों के अनुवाद में किसी अस्पष्टता की स्थिति में, अंग्रेजी संस्करण को ही अंतिम माना जायेगा।**
**In case of any ambiguity in translation of any question, English version shall be treated as final.**

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :
Name of the Candidate (in Capitals) : ____________________

अनुक्रमांक : अंकों में
Roll Number : in figures ____________________
: शब्दों में
: in words ____________________

परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :
Centre of Examination (in Capitals) : ____________________

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :
Candidate's Signature : ____________________

निरीक्षक के हस्ताक्षर :
Invigilator's Signature : ____________________

Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent : ____________________

Learn Era ACADEMY

1. निम्नलिखित में से कौन एक जीव संख्या का एक गुण **नहीं** है?
   (1) लिंग अनुपात
   (2) जन्म दर
   (3) मृत्यु दर
   (4) जाति परस्पर क्रिया

2. वृद्धि की प्रक्रिया अधिकतम किस दौरान होती है?
   (1) लॉग प्रावस्था
   (2) पश्चता प्रावस्था
   (3) जीर्णता
   (4) प्रसुप्ति

3. तने के आधार से उत्पन्न होने वाली जड़ों को क्या कहा जाता है?
   (1) झकड़ा जड़े
   (2) प्राथमिक जड़े
   (3) अवस्तंभ जड़े
   (4) पार्श्व जड़े

4. निम्न रोगों को उनके पैदा करने वाले जीवों के साथ मिलान कर **सही** विकल्प का चयन करो।

| | स्तंभ - I | | स्तंभ - II |
|---|---|---|---|
| (a) | टाइफॉइड | (i) | *वुचेरेरिया* |
| (b) | न्यूमोनिया | (ii) | *प्लैज्मोडियम* |
| (c) | फाइलेरिएसिस | (iii) | *साल्मोनेला* |
| (d) | मलेरिया | (iv) | *हीमोफिलस* |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

5. निम्न में किस तकनीक की सहायता से ऐसी स्त्रियाँ जो गर्भधारण नहीं कर सकती, में भ्रूण को स्थानांतरित किया जाता है?
   (1) ZIFT एवं IUT
   (2) GIFT एवं ZIFT
   (3) ICSI एवं ZIFT
   (4) GIFT एवं ICSI

6. जीन 'I' जो ABO रक्त वर्ग का नियंत्रण करता है उसके संदर्भ में **गलत** कथन को पहचानिए।
   (1) जीन (I) के तीन ऐलील होते हैं।
   (2) एक व्यक्ति में तीन में से केवल दो ऐलील होंगे।
   (3) जब $I^A$ एवं $I^B$ दोनों इकट्ठे होते हैं, ये एक प्रकार की शर्करा अभिव्यक्त करते हैं।
   (4) 'i' ऐलील कोई भी शर्करा उत्पन्न नहीं करता।

1. Which of the following is **not** an attribute of a population?
   (1) Sex ratio
   (2) Natality
   (3) Mortality
   (4) Species interaction

2. The process of growth is maximum during:
   (1) Log phase
   (2) Lag phase
   (3) Senescence
   (4) Dormancy

3. The roots that originate from the base of the stem are:
   (1) Fibrous roots
   (2) Primary roots
   (3) Prop roots
   (4) Lateral roots

4. Match the following diseases with the causative organism and select the **correct** option.

| | Column - I | | Column - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Typhoid | (i) | *Wuchereria* |
| (b) | Pneumonia | (ii) | *Plasmodium* |
| (c) | Filariasis | (iii) | *Salmonella* |
| (d) | Malaria | (iv) | *Haemophilus* |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

5. In which of the following techniques, the embryos are transferred to assist those females who cannot conceive?
   (1) ZIFT and IUT
   (2) GIFT and ZIFT
   (3) ICSI and ZIFT
   (4) GIFT and ICSI

6. Identify the **wrong** statement with reference to the gene 'I' that controls ABO blood groups.
   (1) The gene (I) has three alleles.
   (2) A person will have only two of the three alleles.
   (3) When $I^A$ and $I^B$ are present together, they express same type of sugar.
   (4) Allele 'i' does not produce any sugar.

LearnEra ACADEMY

7. निम्नलिखित में से **सही** युग्म को चुनिए :

(1) लाइगेज – दो डी.एन.ए. के अणुओं को जोड़ता है

(2) पॉलिमरेज – डी.एन.ए. को खण्डों में तोड़ता है

(3) न्यूक्लियेज – डी.एन.ए. के दो रज्जुकों को पृथक करता है

(4) एक्सोन्यूक्लियेज – डी.एन.ए. में विशिष्ट स्थानों पर काट लगाता है

8. **सही** मिलान का चयन करो।

(1) हीमोफीलिया - Y संलग्न

(2) फ़ेनिलकीटोन्यूरिया - अलिंग क्रोमोसोम प्रभावी लक्षण

(3) दात्र कोशिका अरक्तता - अलिंग क्रोमोसोम अप्रभावी लक्षण, क्रोमोसोम-11

(4) थैलेसीमिया - X संलग्न

9. निम्न स्तंभों का मिलान कर **सही** विकल्प का चयन करो।

| | स्तंभ - I | | स्तंभ - II |
|---|---|---|---|
| (a) | यूथ, बहुहारी पीडक | (i) | *एस्टेरियस* |
| (b) | व्यस्कों में अरीय सममिति एवं लार्वा में द्विपार्श्व सममिति | (ii) | बिच्छु |
| (c) | पुस्त फुफ्फुस | (iii) | *टीनोप्लाना* |
| (d) | जीवसंदीप्ति | (iv) | *लोकस्टा* |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

10. *प्लैज्मोडियम* की संक्रमक अवस्था जो मानव शरीर में प्रवेश करती है, है :

(1) पोषाणु

(2) जीवाणुज

(3) मादा युग्मकजनक

(4) नर युग्मकजनक

7. Choose the **correct** pair from the following :

(1) Ligases - Join the two DNA molecules

(2) Polymerases - Break the DNA into fragments

(3) Nucleases - Separate the two strands of DNA

(4) Exonucleases - Make cuts at specific positions within DNA

8. Select the **correct** match.

(1) Haemophilia - Y linked

(2) Phenylketonuria - Autosomal dominant trait

(3) Sickle cell anaemia - Autosomal recessive trait, chromosome-11

(4) Thalassemia - X linked

9. Match the following columns and select the **correct** option.

| | Column - I | | Column - II |
|---|---|---|---|
| (a) | Gregarious, polyphagous pest | (i) | *Asterias* |
| (b) | Adult with radial symmetry and larva with bilateral symmetry | (ii) | Scorpion |
| (c) | Book lungs | (iii) | *Ctenoplana* |
| (d) | Bioluminescence | (iv) | *Locusta* |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (4) | (ii) | (i) | (iii) | (iv) |

10. The infectious stage of *Plasmodium* that enters the human body is :

(1) Trophozoites

(2) Sporozoites

(3) Female gametocytes

(4) Male gametocytes

Learn Era ACADEMY

11. उन पदार्थों को पहचानिए, जिनकी संरचनाओं में क्रमश: ग्लाइकोसाइडिक बंध और पेप्टाइड बंध पाये जाते हैं :

(1) काइटिन, कोलेस्टरॉल
(2) ग्लिसरॉल, ट्रिप्सिन
(3) सेलुलोज, लेसिथिन
(4) इनुलिन, इंसुलिन

12. पादप का वह भाग कौन-सा है जिसमें दो पीढ़ी – एक पीढ़ी दूसरे के अन्दर होती है?

(a) परागकोश के अन्दर परागकण
(b) दो नर युग्मकों वाली अंकुरित परागकण
(c) फल के अन्दर बीज
(d) बीजाण्ड के अन्दर भ्रूण-कोष

(1) केवल (a)
(2) (a), (b) और (c)
(3) (c) और (d)
(4) (a) और (d)

13. फलीदार फलों वाले पादपों की जड़ ग्रन्थिकाओं में नाइट्रोजिनेज द्वारा उत्प्रेरित अभिक्रिया का/के उत्पाद कौन सा/से है/हैं ?

(1) केवल अमोनिया
(2) केवल नाइट्रेट
(3) अमोनिया और ऑक्सीजन
(4) अमोनिया और हाइड्रोजन

14. अंतरावस्था की $G_1$ प्रावस्था (गैप 1) के बारे में **सही** कथन का चयन करो।

(1) डी.एन.ए. संश्लेषण या प्रतिकृतिकरण होता है।
(2) सभी कोशिका अवयवों का पुनर्गठन होता है।
(3) कोशिका उपापचयी सक्रिय होती है, वृद्धि करती है लेकिन DNA की प्रतिकृति नहीं करती।
(4) केन्द्रक विभाजन होता है।

15. सूक्ष्मांकुरों के ब्रुश बार्डर वाली घनाकार उपकला पायी जाती है :

(1) आंत्र के आस्तर में
(2) लार ग्रंथि की वाहिका में
(3) वृक्काणु की समीपस्थ संवलित नलिका में
(4) यूस्टेकीयन नलिका में

11. Identify the substances having glycosidic bond and peptide bond, respectively in their structure :

(1) Chitin, cholesterol
(2) Glycerol, trypsin
(3) Cellulose, lecithin
(4) Inulin, insulin

12. The plant parts which consist of two generations - one within the other :

(a) Pollen grains inside the anther
(b) Germinated pollen grain with two male gametes
(c) Seed inside the fruit
(d) Embryo sac inside the ovule

(1) (a) only
(2) (a), (b) and (c)
(3) (c) and (d)
(4) (a) and (d)

13. The product(s) of reaction catalyzed by nitrogenase in root nodules of leguminous plants is/are :

(1) Ammonia alone
(2) Nitrate alone
(3) Ammonia and oxygen
(4) Ammonia and hydrogen

14. Identify the **correct** statement with regard to $G_1$ phase (Gap 1) of interphase.

(1) DNA synthesis or replication takes place.
(2) Reorganisation of all cell components takes place.
(3) Cell is metabolically active, grows but does not replicate its DNA.
(4) Nuclear Division takes place.

15. Cuboidal epithelium with brush border of microvilli is found in :

(1) lining of intestine
(2) ducts of salivary glands
(3) proximal convoluted tubule of nephron
(4) eustachian tube

Learn Era ACADEMY

16. अंतर्विष्ट कायों के विषय में निम्नलिखित में से कौन सा कथन **गलत** है?
   (1) ये किसी झिल्ली से घिरे नहीं होते।
   (2) ये खाद्य कणों के अंतर्ग्रहण में शामिल होते हैं।
   (3) ये कोशिकाद्रव्य में स्वतंत्र रूप में होते हैं।
   (4) ये कोशिकाद्रव्य में निचित पदार्थ को व्यक्त करते हैं।

17. सुकेन्द्रकी कोशिकाओं में ग्लाइकोप्रोटीन और ग्लाइकोलिपिड के निर्माण का मुख्य स्थल कौन सा है?
   (1) अंतर्द्रव्यी जालिका
   (2) पेरोक्सीसोम
   (3) गाल्जी काय
   (4) पालीसोम

18. जेल इलेक्ट्रोफोरेसिस में, पृथक हुए डी.एन.ए. के खण्डों को किसकी सहायता से देखा जा सकता है?
   (1) चमकीले नीले प्रकाश में ऐसीटोकार्मिन से
   (2) UV विकिरण में एथिडियम ब्रोमाइड से
   (3) UV विकिरण में एसीटोकार्मिन से
   (4) अवरक्त विकिरण में एथिडियम ब्रोमाइड से

19. ऑक्सीजन के परिवहन के संदर्भ में **गलत** कथन को पहचानो।
   (1) ऑक्सीजन की हीमोग्लोबिन से बंधता मुख्यत: $O_2$ के आंशिक दाब से संबंधित है।
   (2) $CO_2$ का आंशिक दाब हीमोग्लोबिन से बंधने वाली $O_2$ में बाधा डाल सकता है।
   (3) वायु कूपिका में $H^+$ की उच्च सांद्रता ऑक्सीहीमोग्लोबिन बनने में सहायक होती है।
   (4) वायु कूपिका में कम $pCO_2$ ऑक्सीहीमोग्लोबिन बनने में सहायक होती है।

20. अर-पुष्पक में क्या होता है?
   (1) अधोवर्ती अंडाशय
   (2) ऊर्ध्ववर्ती अंडाशय
   (3) जायांगाधर अंडाशय
   (4) अर्द्ध अधोवर्ती अंडाशय

21. ईको आर I द्वारा पहचाने जाने वाला पैलिन्ड्रोमिक क्रम है :
   (1) 5' - GAATTC - 3'
   3' - CTTAAG - 5'
   (2) 5' - GGAACC - 3'
   3' - CCTTGG - 5'
   (3) 5' - CTTAAG - 3'
   3' - GAATTC - 5'
   (4) 5' - GGATCC - 3'
   3' - CCTAGG - 5'

16. Which of the following statements about inclusion bodies is **incorrect**?
   (1) They are not bound by any membrane.
   (2) These are involved in ingestion of food particles.
   (3) They lie free in the cytoplasm.
   (4) These represent reserve material in cytoplasm.

17. Which is the important site of formation of glycoproteins and glycolipids in eukaryotic cells?
   (1) Endoplasmic reticulum
   (2) Peroxisomes
   (3) Golgi bodies
   (4) Polysomes

18. In gel electrophoresis, separated DNA fragments can be visualized with the help of :
   (1) Acetocarmine in bright blue light
   (2) Ethidium bromide in UV radiation
   (3) Acetocarmine in UV radiation
   (4) Ethidium bromide in infrared radiation

19. Identify the **wrong** statement with reference to transport of oxygen.
   (1) Binding of oxygen with haemoglobin is mainly related to partial pressure of $O_2$.
   (2) Partial pressure of $CO_2$ can interfere with $O_2$ binding with haemoglobin.
   (3) Higher $H^+$ conc. in alveoli favours the formation of oxyhaemoglobin.
   (4) Low $pCO_2$ in alveoli favours the formation of oxyhaemoglobin.

20. Ray florets have :
   (1) Inferior ovary
   (2) Superior ovary
   (3) Hypogynous ovary
   (4) Half inferior ovary

21. The specific palindromic sequence which is recognized by EcoRI is :
   (1) 5' - GAATTC - 3'
   3' - CTTAAG - 5'
   (2) 5' - GGAACC - 3'
   3' - CCTTGG - 5'
   (3) 5' - CTTAAG - 3'
   3' - GAATTC - 5'
   (4) 5' - GGATCC - 3'
   3' - CCTAGG - 5'

LearnEra ACADEMY

22. प्रतिबंधन एंजाइमों के विषय में **गलत** कथन को पहचानिए।

(1) प्रत्येक प्रतिबंधन एंजाइम डी.एन.ए. क्रम की लम्बाई का निरीक्षण करके कार्य करते हैं।

(2) ये डी.एन.ए. की लड़ी को पैलिन्ड्रोमिक स्थलों पर काटते हैं।

(3) ये आनुवंशिक इंजीनियरिंग में उपयोगी हैं।

(4) चिपचिपे सिरे डी.एन.ए. लाइगेज द्वारा जोड़े जा सकते हैं।

23. निम्न में कौन वाहितमल उपचार के लिए अवायवीय आपंक संपाचित्र में डाला जाता है?

(1) प्राथमिक आपंक

(2) तैरते हुए कूड़े-करकट

(3) प्राथमिक उपचार के बहि:स्राव

(4) संक्रियीत आपंक

24. अंत:श्वसन के दौरान होने वाली **सही** घटनाओं का चयन करो।

(a) डायाफ्राम का संकुचन

(b) बाह्य अंतरपर्शुक पेशियों का संकुचन

(c) फुप्फुस का आयतन कम होना

(d) अंतरा फुप्फुसी दाब का बढ़ना

(1) (a) एवं (b)

(2) (c) एवं (d)

(3) (a), (b) एवं (d)

(4) केवल (d)

25. यदि तिलचट्टे का सिर हटा दिया जाए तो यह कुछ दिनों तक जीवित रह सकता है क्योंकि :

(1) तिलचट्टे के अधिग्रसिका गुच्छिका उदर के अधर भाग में स्थित होते हैं।

(2) तिलचट्टे में तंत्रिका तंत्र नहीं होता।

(3) सिर में तंत्रिका तंत्र का केवल छोटा भाग होता है जबकि शेष शरीर के अधर भाग में स्थित होता है।

(4) सिर में तंत्रिका तंत्र का 1/3 भाग होता है जबकि शेष शरीर के पृष्ठ भाग में होता है।

22. Identify the **wrong** statement with regard to Restriction Enzymes.

(1) Each restriction enzyme functions by inspecting the length of a DNA sequence.

(2) They cut the strand of DNA at palindromic sites.

(3) They are useful in genetic engineering.

(4) Sticky ends can be joined by using DNA ligases.

23. Which of the following is put into Anaerobic sludge digester for further sewage treatment ?

(1) Primary sludge

(2) Floating debris

(3) Effluents of primary treatment

(4) Activated sludge

24. Select the **correct** events that occur during inspiration.

(a) Contraction of diaphragm

(b) Contraction of external inter-costal muscles

(c) Pulmonary volume decreases

(d) Intra pulmonary pressure increases

(1) (a) and (b)

(2) (c) and (d)

(3) (a), (b) and (d)

(4) only (d)

25. If the head of cockroach is removed, it may live for few days because :

(1) the supra-oesophageal ganglia of the cockroach are situated in ventral part of abdomen.

(2) the cockroach does not have nervous system.

(3) the head holds a small proportion of a nervous system while the rest is situated along the ventral part of its body.

(4) the head holds a $1/3^{rd}$ of a nervous system while the rest is situated along the dorsal part of its body.

Learn Era ACADEMY

**26.** संघ कॉर्डेटा के लिए कौन से कथन **सही** हैं ?

(a) यूरोकॉर्डेटा में पृष्ठरज्जु सिर से पूंछ तक फैली होती है और यह जीवन के अंत तक बनी रहती है।

(b) वर्टीब्रेटा में पृष्ठरज्जु केवल भ्रूणीय काल में उपस्थित होती है।

(c) केन्द्रीय तंत्रिका तंत्र पृष्ठीय एवं खोखला होता है।

(d) कॉर्डेटा को तीन उपसंघों में विभाजित किया है : हेमीकॉर्डेटा, ट्यूनिकेटा एवं सेफैलोकॉर्डेटा।

(1) (d) एवं (c)

(2) (c) एवं (a)

(3) (a) एवं (b)

(4) (b) एवं (c)

**27.** जीव को उनके जैवप्रौद्योगिकी में उपयोग के लिए सुमेलित कीजिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | *बैसिलस थुरिंजिनिसिस* | (i) | क्लोनिक वेक्टर |
| (b) | *थर्मस एक्वेटिकस* | (ii) | प्रथम rDNA अणु का निर्माण |
| (c) | *एग्रोबैक्टीरियम ट्युमिफेसिएंस* | (iii) | डी.एन.ए. पॉलिमरेज |
| (d) | *साल्मोनेला टाइफीम्युरियम* | (iv) | Cry प्रोटीन |

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**28.** अनिवार्य तत्वों और पादपों में उनके कार्यों के विषय में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | लोह | (i) | जल का प्रकाश अपघटन |
| (b) | जिंक | (ii) | पराग का अंकुरण |
| (c) | बोरॉन | (iii) | क्लोरोफिल के जैव संश्लेषण के लिए आवश्यक |
| (d) | मैंगनीज | (iv) | आई.ए.ए. जैव संश्लेषण |

**सही** विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

**26.** Which of the following statements are **true** for the phylum-Chordata ?

(a) In Urochordata notochord extends from head to tail and it is present throughout their life.

(b) In Vertebrata notochord is present during the embryonic period only.

(c) Central nervous system is dorsal and hollow.

(d) Chordata is divided into 3 subphyla : Hemichordata, Tunicata and Cephalochordata.

(1) (d) and (c)

(2) (c) and (a)

(3) (a) and (b)

(4) (b) and (c)

**27.** Match the organism with its use in biotechnology.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | *Bacillus thuringiensis* | (i) | Cloning vector |
| (b) | *Thermus aquaticus* | (ii) | Construction of first rDNA molecule |
| (c) | *Agrobacterium tumefaciens* | (iii) | DNA polymerase |
| (d) | *Salmonella typhimurium* | (iv) | Cry proteins |

Select the **correct** option from the following :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (3) | (iii) | (ii) | (iv) | (i) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

**28.** Match the following concerning essential elements and their functions in plants :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Iron | (i) | Photolysis of water |
| (b) | Zinc | (ii) | Pollen germination |
| (c) | Boron | (iii) | Required for chlorophyll biosynthesis |
| (d) | Manganese | (iv) | IAA biosynthesis |

Select the **correct** option :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |

LearnEra ACADEMY

29. गलत कथन को चुनिए।
(1) अंत:काष्ठ जल का चालन नहीं करती, परन्तु यांत्रिक सहायता प्रदान करती है।
(2) रसदारू जड़ से पत्ती तक जल के चालन में और खनिजों के चालन में शामिल होती है।
(3) रसदारू सबसे भीतरी द्वितीयक दारू होता है और यह अपेक्षाकृत हल्के रंग की होती है।
(4) टैनिन, रेजिन, तैल आदि के जमा होने के कारण अंत:काष्ठ गहरे रंग की होती है।

30. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | उत्प्रेरक क्रिया का निरोधक | (i) | रिसिन |
| (b) | पेप्टाइड बंध धारक | (ii) | मैलोनेट |
| (c) | कवकों में कोशिका भित्ति पदार्थ | (iii) | काइटिन |
| (d) | द्वितीयक उपापचयज | (iv) | कोलैजन |

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनिए :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

31. द्वितीयक अंडक का अर्धसूत्री विभाजन पूर्ण होता है :
(1) अंडोत्सर्ग से पहले
(2) संभोग के समय
(3) युग्मनज बनने के बाद
(4) शुक्राणु एवं अंडाणु के संलयन के समय

32. राबर्ट मे के अनुसार, विश्व में जाति विविधता लगभग कितनी है?
(1) 1.5 मिलियन
(2) 20 मिलियन
(3) 50 मिलियन
(4) 7 मिलियन

33. ट्रांसलेशन (अनुवादन/स्थानांतरण) की प्रथम अवस्था कौन सी होती है?
(1) राइबोसोम से mRNA का बन्धन
(2) डी.एन.ए. अणु की पहचान
(3) tRNA का ऐमीनोएसीलेशन
(4) एक एंटी-कोडॉन की पहचान

29. Identify the **incorrect** statement.
(1) Heart wood does not conduct water but gives mechanical support.
(2) Sapwood is involved in conduction of water and minerals from root to leaf.
(3) Sapwood is the innermost secondary xylem and is lighter in colour.
(4) Due to deposition of tannins, resins, oils etc., heart wood is dark in colour.

30. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Inhibitor of catalytic activity | (i) | Ricin |
| (b) | Possess peptide bonds | (ii) | Malonate |
| (c) | Cell wall material in fungi | (iii) | Chitin |
| (d) | Secondary metabolite | (iv) | Collagen |

Choose the **correct** option from the following :

| | **(a)** | **(b)** | **(c)** | **(d)** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |
| (2) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (ii) | (iii) | (i) | (iv) |

31. Meiotic division of the secondary oocyte is completed :
(1) Prior to ovulation
(2) At the time of copulation
(3) After zygote formation
(4) At the time of fusion of a sperm with an ovum

32. According to Robert May, the global species diversity is about :
(1) 1.5 million
(2) 20 million
(3) 50 million
(4) 7 million

33. The first phase of translation is :
(1) Binding of mRNA to ribosome
(2) Recognition of DNA molecule
(3) Aminoacylation of tRNA
(4) Recognition of an anti-codon

Learn Era ACADEMY

34. विश्व के निम्नलिखित में से कौन सा क्षेत्र अधिकतम जाति विविधता दर्शाता है ?

(1) भारत का पश्चिमी घाट
(2) मेडागास्कर
(3) हिमालय
(4) एमेजॉन के जंगल

35. निम्न में कौनसा कथन **सही नहीं** है ?

(1) मनुष्य में इंसुलिन प्राक्-इंसुलिन से संश्लेषित होता है।
(2) प्राक्-इंसुलिन में एक अतिरिक्त पेप्टाइड, जिसे सी-पेप्टाइड कहते हैं, होती है।
(3) कार्यात्मक इंसुलिन में A एवं B श्रृंखलाएँ होती है जो हाइड्रोजन बंध द्वारा जुड़ी होती है।
(4) आनुवंशिक इंजीनियरी इंसुलिन *ई-कोलाई* द्वारा उत्पादित होता है।

36. एक पादप की अनुप्रस्थ काट में निम्नलिखित शारीरिक लक्षण दर्शाये गये :

(a) अधिक संख्या में बिखरे हुए संवहन बंडल जो पूलाच्छाद से घिरे हैं।
(b) स्पष्ट बहुत मृदूतकीय भरण ऊतक।
(c) संयुक्त और अवर्धी संवहन बंडल।
(d) पोषवाह मृदूतक का अभाव।

इस पादप की श्रेणी और उसके भाग को पहचानिए :

(1) एकबीजपत्री तना
(2) एकबीजपत्री जड़
(3) द्विबीजपत्री तना
(4) द्विबीजपत्री जड़

37. निम्न स्तंभों का मिलान कर **सही** विकल्प का चयन करो।

| | स्तंभ - I | | स्तंभ - II |
|---|---|---|---|
| (a) | क्लोम छिद्रों के 6-15 युग्म | (i) | *ट्राइगोन* |
| (b) | हैटरोसर्कल पुच्छ पख | (ii) | साइक्लोस्टोम्स |
| (c) | वायु कोष | (iii) | कांड्रीक्थीज |
| (d) | विष दंश | (iv) | ओस्टिक्थीज |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

34. Which of the following regions of the globe exhibits highest species diversity ?

(1) Western Ghats of India
(2) Madagascar
(3) Himalayas
(4) Amazon forests

35. Which of the following statements is **not correct** ?

(1) In man insulin is synthesised as a proinsulin.
(2) The proinsulin has an extra peptide called C-peptide.
(3) The functional insulin has A and B chains linked together by hydrogen bonds.
(4) Genetically engineered insulin is produced in *E-Coli*.

36. The transverse section of a plant shows following anatomical features :

(a) Large number of scattered vascular bundles surrounded by bundle sheath.
(b) Large conspicuous parenchymatous ground tissue.
(c) Vascular bundles conjoint and closed.
(d) Phloem parenchyma absent.

Identify the category of plant and its part :

(1) Monocotyledonous stem
(2) Monocotyledonous root
(3) Dicotyledonous stem
(4) Dicotyledonous root

37. Match the following columns and select the **correct** option.

| | Column - I | | Column - II |
|---|---|---|---|
| (a) | 6 - 15 pairs of gill slits | (i) | *Trygon* |
| (b) | Heterocercal caudal fin | (ii) | Cyclostomes |
| (c) | Air Bladder | (iii) | Chondrichthyes |
| (d) | Poison sting | (iv) | Osteichthyes |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (2) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (3) | (iv) | (ii) | (iii) | (i) |
| (4) | (i) | (iv) | (iii) | (ii) |

Learn Era ACADEMY

38. एस.एल. मिलर ने अपने प्रयोग में एक बंद फ्लास्क में किसका मिश्रण कर ऐमिनो अम्ल उत्पन्न किये ?
(1) 800°C पर $CH_4$, $H_2$, $NH_3$ और जल वाष्प
(2) 800°C पर $CH_3$, $H_2$, $NH_4$ और जल वाष्प
(3) 600°C पर $CH_4$, $H_2$, $NH_3$ और जल वाष्प
(4) 600°C पर $CH_3$, $H_2$, $NH_3$ और जल वाष्प

39. क्रमागत उन्नति के लिए भ्रूणीय प्रमाण को किसने अस्वीकार किया था ?
(1) कार्ल अर्नस्ट वॉन बेयर
(2) अल्फ्रेड वालस
(3) चार्ल्स डार्विन
(4) ओपेरिन

40. रात्रि में या पूर्ण प्रात:काल में घास की पत्तियों के शीर्ष से जल के द्रव अवस्था में निकलने को सुगम बनाने में कौन सी प्रक्रिया उत्तरदायी होती है ?
(1) वाष्पोत्सर्जन
(2) मूलीय दाब
(3) अंत:शोषण
(4) जीवद्रव्यकुंचन

41. द्वितीयक उपापचयज, जैसे कि निकोटीन, स्ट्रिक्नीन और कैफीन को पौधों के द्वारा अपने लिए क्यों उत्पादित किया जाता है ?
(1) पोषण में उपयोग
(2) वृद्धि पर प्रभाव
(3) रक्षा पर असर
(4) प्रजनन पर प्रभाव

42. प्रकाशश्वसन में RuBisCo एंजाइम की ऑक्सीजनीकरण क्रिया से किसका निर्माण होता है ?
(1) 3-C यौगिक के 2 अणु
(2) 3-C यौगिक का 1 अणु
(3) 6-C यौगिक का 1 अणु
(4) 4-C यौगिक का 1 अणु और 2-C यौगिक का 1 अणु

43. Bt कपास की किस्म जो *बैसिलस थुरिंजिनिसिस* के विष जीन को समाविष्ट करके बनाई गयी है, प्रतिरोधी है :
(1) कीट पीड़कों से
(2) कवकीय रोगों से
(3) पादप सूत्रकृमि से
(4) कीट परभक्षी से

38. From his experiments, S.L. Miller produced amino acids by mixing the following in a closed flask :
(1) $CH_4$, $H_2$, $NH_3$ and water vapor at 800°C
(2) $CH_3$, $H_2$, $NH_4$ and water vapor at 800°C
(3) $CH_4$, $H_2$, $NH_3$ and water vapor at 600°C
(4) $CH_3$, $H_2$, $NH_3$ and water vapor at 600°C

39. Embryological support for evolution was disapproved by :
(1) Karl Ernst von Baer
(2) Alfred Wallace
(3) Charles Darwin
(4) Oparin

40. The process responsible for facilitating loss of water in liquid form from the tip of grass blades at night and in early morning is :
(1) Transpiration
(2) Root pressure
(3) Imbibition
(4) Plasmolysis

41. Secondary metabolites such as nicotine, strychnine and caffeine are produced by plants for their :
(1) Nutritive value
(2) Growth response
(3) Defence action
(4) Effect on reproduction

42. The oxygenation activity of RuBisCo enzyme in photorespiration leads to the formation of :
(1) 2 molecules of 3-C compound
(2) 1 molecule of 3-C compound
(3) 1 molecule of 6-C compound
(4) 1 molecule of 4-C compound and 1 molecule of 2-C compound

43. Bt cotton variety that was developed by the introduction of toxin gene of *Bacillus thuringiensis* (Bt) is resistant to :
(1) Insect pests
(2) Fungal diseases
(3) Plant nematodes
(4) Insect predators

Learn Era ACADEMY

44. निम्न में कौन, ऐसे जीवों के **सही** उदाहरणों को संदर्भित करता है जो मानव की क्रियाओं द्वारा वातावरण में बदलाव के कारण विकसित हुए है?

(a) गैलापैगो द्वीप में डार्विन की फिंचें
(b) खरपतवारों में शाकनाशी का प्रतिरोध
(c) ससीमकेन्द्रकों में दवाइयों का प्रतिरोध
(d) मनुष्य द्वारा बनायी पालतू पशु जैसे कुत्तों की नस्लें

(1) केवल (a)
(2) (a) एवं (c)
(3) (b), (c) एवं (d)
(4) केवल (d)

45. प्रतिरक्षा के संदर्भ में **गलत** कथन को पहचानिए।

(1) जब परपोषी का शरीर (जीवित अथवा मृत) प्रतिजन के संपर्क में आता है और उसके शरीर में प्रतिरक्षी उत्पन्न होते हैं। इसे "सक्रिय प्रतिरक्षा" कहते हैं।
(2) जब बने बनाए प्रतिरक्षी प्रत्यक्ष रूप से दिए जाते हैं, इसे "निष्क्रिय प्रतिरक्षा" कहते हैं।
(3) सक्रिय प्रतिरक्षा जल्दी होती है और पूर्ण प्रतिक्रिया देती है।
(4) भ्रूण माता से कुछ प्रतिरक्षी प्राप्त करता है, यह निष्क्रिय प्रतिरक्षा का उदाहरण है।

46. किस विधि द्वारा बीकानेरी ऐवीज एवं मैरीनो रेम्स से भेड़ की नई नस्ल 'हिसारडेल' तैयार की गयी है?

(1) बहि:प्रजनन
(2) उत्परिवर्तन प्रजनन
(3) संकरण
(4) अंत:प्रजनन

47. मानव पाचन तंत्र से संदर्भित **सही** कथन का चयन करो।

(1) क्षुद्रांत्र छोटी आंत में खुलता है।
(2) सिरोसा आहार नाल का सबसे अन्दर वाली परत होती है।
(3) क्षुद्रांत्र अत्याधिक कुंडलित भाग होता है।
(4) कृमिरूप परिशेषिका ग्रहणी से उत्पन्न होता है।

44. Which of the following refer to **correct** example(s) of organisms which have evolved due to changes in environment brought about by anthropogenic action?

(a) Darwin's Finches of Galapagos islands.
(b) Herbicide resistant weeds.
(c) Drug resistant eukaryotes.
(d) Man-created breeds of domesticated animals like dogs.

(1) only (a)
(2) (a) and (c)
(3) (b), (c) and (d)
(4) only (d)

45. Identify the **wrong** statement with reference to immunity.

(1) When exposed to antigen (living or dead) antibodies are produced in the host's body. It is called "Active immunity".
(2) When ready-made antibodies are directly given, it is called "Passive immunity".
(3) Active immunity is quick and gives full response.
(4) Foetus receives some antibodies from mother, it is an example for passive immunity.

46. By which method was a new breed 'Hisardale' of sheep formed by using Bikaneri ewes and Marino rams?

(1) Out crossing
(2) Mutational breeding
(3) Cross breeding
(4) Inbreeding

47. Identify the **correct** statement with reference to human digestive system.

(1) Ileum opens into small intestine.
(2) Serosa is the innermost layer of the alimentary canal.
(3) Ileum is a highly coiled part.
(4) Vermiform appendix arises from duodenum.

Learn Era ACADEMY

48. निम्न स्तंभों का मिलान कर **सही** विकल्प का चयन करो।

| | स्तंभ - I | | स्तंभ - II |
|---|---|---|---|
| (a) | *क्लोस्ट्रीडियम ब्यूटायलिकम* | (i) | साइक्लोस्पोरिन–ए |
| (b) | *ट्राइकोडर्मा पॉलीस्पोरम* | (ii) | ब्युटिरिक अम्ल |
| (c) | *मोनास्कस परप्यूरीअस* | (iii) | सिट्रिक अम्ल |
| (d) | *एस्परजिलस नाइगर* | (iv) | रक्त–कोलेस्टेराल कम करने वाला कारक |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

49. निम्न में मूत्र की कौनसी अवस्था डायाबिटीज मेलिटस की ओर संकेत करती है?

(1) यूरेमिया एवं कीटोनुरिया
(2) यूरेमिया एवं रीनल कैल्कुली
(3) कीटोनुरिया एवं ग्लाइकोसूरिया
(4) रीनल कैल्कुली एवं हाइपरग्लाइसिमिया

50. फ्लोरीडियन मॉंड की संरचना किसके समान होती है?

(1) मॉंड और सेलुलोज
(2) एमाइलोपेक्टीन और ग्लाइकोजन
(3) मैनीटॉल और एल्जिन
(4) लैमिनेरिन और सेलुलोज

51. यौन संचरित रोगों के **सही** विकल्प का चयन करो।

(1) सुजाक, सिफिलिस, जननिक परिसर्प
(2) सुजाक, मलेरिया, जननिक परिसर्प
(3) AIDS, मलेरिया, फाइलेरिया
(4) कैंसर, AIDS, सिफिलिस

48. Match the following columns and select the **correct** option.

| | Column - I | | Column - II |
|---|---|---|---|
| (a) | *Clostridium butylicum* | (i) | Cyclosporin-A |
| (b) | *Trichoderma polysporum* | (ii) | Butyric Acid |
| (c) | *Monascus purpureus* | (iii) | Citric Acid |
| (d) | *Aspergillus niger* | (iv) | Blood cholesterol lowering agent |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

49. Presence of which of the following conditions in urine are indicative of Diabetes Mellitus?

(1) Uremia and Ketonuria
(2) Uremia and Renal Calculi
(3) Ketonuria and Glycosuria
(4) Renal calculi and Hyperglycaemia

50. Floridean starch has structure similar to :

(1) Starch and cellulose
(2) Amylopectin and glycogen
(3) Mannitol and algin
(4) Laminarin and cellulose

51. Select the option including all sexually transmitted diseases.

(1) Gonorrhoea, Syphilis, Genital herpes
(2) Gonorrhoea, Malaria, Genital herpes
(3) AIDS, Malaria, Filaria
(4) Cancer, AIDS, Syphilis

Learn Era ACADEMY

52. अर्द्धसूत्री विभाजन के संदर्भ में निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | युग्मपट्ट अवस्था | (i) | उपान्तीभवन |
| (b) | स्थूलपट्ट अवस्था | (ii) | काइऐज़्मेटा |
| (c) | द्विपट्ट अवस्था | (iii) | जीन विनिमय |
| (d) | पारगतिक्रम (डायाकाइनेसिस) | (iv) | सूत्रयुग्मन |

निम्नलिखित में से **सही** विकल्प चुनिए :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

53. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म एक कोशिकीय शैवालों का है ?

(1) *लैमिनेरिया* और *सारगासम*

(2) *जेलिडियम* और *ग्रासिलेरिया*

(3) *ऐनाबीना* और *वॉल्वॉक्स*

(4) *क्लोरेला* और *स्पाइरुलीना*

54. निम्न के कौन ग्राफी पुटक से अंडाणु का मोचन (अंडोत्सर्ग) करेगा ?

(1) एस्ट्रोजन की उच्च सांद्रता

(2) प्रोजेस्टरोन की उच्च सांद्रता

(3) LH की निम्न सांद्रता

(4) FSH की निम्न सांद्रता

55. निम्न स्तंभों का मिलान कर **सही** विकल्प का चयन करो।

| | स्तंभ - I | | स्तंभ - II |
|---|---|---|---|
| (a) | बीटी कपास | (i) | जीन चिकित्सा |
| (b) | एडीनोसीन डिएमीनेज की कमी | (ii) | कोशिकीय सुरक्षा |
| (c) | आर.एन.ए.आई | (iii) | HIV संक्रमण का पता लगाना |
| (d) | पी.सी.आर. | (iv) | *बैसिलस थुरिंजिनिसिस* |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iv) | (i) | (ii) | (iii) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (ii) | (iii) | (iv) | (i) |
| (4) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |

52. Match the following with respect to meiosis :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | Zygotene | (i) | Terminalization |
| (b) | Pachytene | (ii) | Chiasmata |
| (c) | Diplotene | (iii) | Crossing over |
| (d) | Diakinesis | (iv) | Synapsis |

Select the **correct** option from the following :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (i) | (ii) | (iv) | (iii) |
| (4) | (ii) | (iv) | (iii) | (i) |

53. Which of the following pairs is of unicellular algae ?

(1) *Laminaria* and *Sargassum*

(2) *Gelidium* and *Gracilaria*

(3) *Anabaena* and *Volvox*

(4) *Chlorella* and *Spirulina*

(2) संक्रमण धातुएँ और उनके यौगिक उनकी बहु ऑक्सीकरण अवस्थाओं को ग्रहण करने की क्षमता के कारण उत्प्रेरकी सक्रियता और संकुल निर्माण के लिए जाने जाते हैं।

(3) अंतराकाशी यौगिक वे होते हैं जो धातुओं के क्रिस्टल जालकों के भीतर छोटे आकार वाले परमाणुओं जैसे H, C या N के फंसने (ट्रैप) पर बनते हैं।

(4) क्रोमियम की, $CrO_4^{2-}$ और $Cr_2O_7^{2-}$ में उपचयन अवस्थाएँ समान नहीं हैं।

127. अभिक्रिया, $2Cl(g) \rightarrow Cl_2(g)$, के लिए **उचित** विकल्प है :

(1) $\Delta_r H > 0$ और $\Delta_r S > 0$

(2) $\Delta_r H > 0$ और $\Delta_r S < 0$

(3) $\Delta_r H < 0$ और $\Delta_r S > 0$

(4) $\Delta_r H < 0$ और $\Delta_r S < 0$

128. ज़ीटा विभव का मापन कोलॉइडी विलयन के किस गुणधर्म के निर्धारण में उपयोगी होता है?

(1) श्यानता

(2) विलेयता

(3) कोलॉइडी कणों की विलेयता

(4) कोलॉइडी कणों का आमाप

125. What is the change in oxidation number of carbon in the following reaction?

$CH_4(g) + 4Cl_2(g) \rightarrow CCl_4(l) + 4HCl(g)$

(1) +4 to +4

(2) 0 to +4

(3) −4 to +4

(4) 0 to −4

126. Identify the **incorrect** statement.

(1) $Cr^{2+}(d^4)$ is a stronger reducing agent than $Fe^{2+}(d^6)$ in water.

(2) The transition metals and their compounds are known for their catalytic activity due to their ability to adopt multiple oxidation states and to form complexes.

(3) Interstitial compounds are those that are formed when small atoms like H, C or N are trapped inside the crystal lattices of metals.

(4) The oxidation states of chromium in $CrO_4^{2-}$ and $Cr_2O_7^{2-}$ are not the same.

127. For the reaction, $2Cl(g) \rightarrow Cl_2(g)$, the **correct** option is :

(1) $\Delta_r H > 0$ and $\Delta_r S > 0$

(2) $\Delta_r H > 0$ and $\Delta_r S < 0$

(3) $\Delta_r H < 0$ and $\Delta_r S > 0$

(4) $\Delta_r H < 0$ and $\Delta_r S < 0$

128. Measuring Zeta potential is useful in determining which property of colloidal solution?

(1) Viscosity

(2) Solubility

(3) Stability of the colloidal particles

(4) Size of the colloidal particles

Learn Era ACADEMY

**129.** यूरिया जल के साथ अभिक्रिया द्वारा **A** बनाता है जो विघटित होकर **B** बनता है। जब **B** को $Cu^{2+}$ (जलीय) से गुज़ारा जाता है, तब **C** का गहरे नीले रंग का विलयन प्राप्त होता है। निम्नलिखित में से **C** का सूत्र क्या है?

(1) $CuSO_4$

(2) $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$

(3) $Cu(OH)_2$

(4) $CuCO_3 \cdot Cu(OH)_2$

**130.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए और उचित विकल्प पहचानिए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | $CO(g) + H_2(g)$ | (i) | $Mg(HCO_3)_2 + Ca(HCO_3)_2$ |
| (b) | जल की अस्थायी कठोरता | (ii) | एक इलेक्ट्रॉन न्यून हाइड्राइड |
| (c) | $B_2H_6$ | (iii) | संश्लेषण गैस |
| (d) | $H_2O_2$ | (iv) | असमतली संरचना |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**131.** निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए :

| | ऑक्साइड | | प्रकृति |
|---|---|---|---|
| (a) | CO | (i) | क्षारीय |
| (b) | BaO | (ii) | उदासीन |
| (c) | $Al_2O_3$ | (iii) | अम्लीय |
| (d) | $Cl_2O_7$ | (iv) | उभयधर्मी |

निम्नलिखित में से कौन-सा **सही** विकल्प है?

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**132.** प्रथम कोटि की एक अभिक्रिया के लिए वेग स्थिरांक $4.606 \times 10^{-3}\ s^{-1}$ है। अभिकारक के 2.0 g को 0.2 g तक घटने में आवश्यक समय है :

(1) 100 s

(2) 200 s

(3) 500 s

(4) 1000 s

**129.** Urea reacts with water to form **A** which will decompose to form **B**. **B** when passed through $Cu^{2+}$ (aq), deep blue colour solution **C** is formed. What is the formula of **C** from the following ?

(1) $CuSO_4$

(2) $[Cu(NH_3)_4]^{2+}$

(3) $Cu(OH)_2$

(4) $CuCO_3 \cdot Cu(OH)_2$

**130.** Match the following and identify the **correct** option.

| | | | |
|---|---|---|---|
| (a) | $CO(g) + H_2(g)$ | (i) | $Mg(HCO_3)_2 + Ca(HCO_3)_2$ |
| (b) | Temporary hardness of water | (ii) | An electron deficient hydride |
| (c) | $B_2H_6$ | (iii) | Synthesis gas |
| (d) | $H_2O_2$ | (iv) | Non-planar structure |

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (iii) | (i) | (ii) | (iv) |
| (2) | (iii) | (ii) | (i) | (iv) |
| (3) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |
| (4) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |

**131.** Match the following :

| | Oxide | | Nature |
|---|---|---|---|
| (a) | CO | (i) | Basic |
| (b) | BaO | (ii) | Neutral |
| (c) | $Al_2O_3$ | (iii) | Acidic |
| (d) | $Cl_2O_7$ | (iv) | Amphoteric |

Which of the following is **correct** option ?

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |
| (4) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |

**132.** The rate constant for a first order reaction is $4.606 \times 10^{-3}\ s^{-1}$. The time required to reduce 2.0 g of the reactant to 0.2 g is :

(1) 100 s

(2) 200 s

(3) 500 s

(4) 1000 s

Learn Era ACADEMY

**133.** एक ऐल्कीन ओज़ोनोलिसिस द्वारा एक उत्पाद के रूप में मेथैनैल देती है। इसकी संरचना है :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**134.** निम्नलिखित में से कौन-सी ऐल्केन वुर्ट्ज़ अभिक्रिया द्वारा अच्छी लब्धि में नहीं बनाई जा सकती ?

(1) n-हैक्सेन

(2) 2,3-डाइमेथिलब्यूटेन

(3) n-हेप्टेन

(4) n-ब्यूटेन

**133.** An alkene on ozonolysis gives methanal as one of the product. Its structure is :

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**134.** Which of the following alkane cannot be made in good yield by Wurtz reaction ?

(1) n-Hexane

(2) 2,3-Dimethylbutane

(3) n-Heptane

(4) n-Butane

Learn Era ACADEMY

**135.** ऐनिसॉल HI के साथ विदलन द्वारा देता है :

(1)  + $CH_3I$

(2)  + $CH_3OH$

(3)  + $C_2H_5I$

(4)  + $C_2H_5OH$

**136.** निम्नलिखित में से किसके लिए बोर मॉडल वैध **नहीं** है?

(1) हाइड्रोजन परमाणु

(2) एकधा आयनित हीलियम परमाणु ($He^+$)

(3) ड्यूटरॉन परमाणु

(4) एकधा आयनित नियॉन परमाणु ($Ne^+$)

**137.** किसी विद्युत चुम्बकीय तरंग में चुंबकीय क्षेत्र और विद्युत क्षेत्र के घटकों की तीव्रताओं के योगदानों का अनुपात होता है : (c = विद्युत चुम्बकीय तरंगों का वेग)

(1) c : 1

(2) 1 : 1

(3) 1 : c

(4) 1 : $c^2$

**138.** किसी अन्तरापृष्ठ के लिए ब्रूस्टर कोण $i_b$ होना चाहिए :

(1) $0° < i_b < 30°$

(2) $30° < i_b < 45°$

(3) $45° < i_b < 90°$

(4) $i_b = 90°$

**135.** Anisole on cleavage with HI gives :

(1)  + $CH_3I$

(2)  + $CH_3OH$

(3)  + $C_2H_5I$

(4)  + $C_2H_5OH$

**136.** For which one of the following, Bohr model is **not** valid ?

(1) Hydrogen atom

(2) Singly ionised helium atom ($He^+$)

(3) Deuteron atom

(4) Singly ionised neon atom ($Ne^+$)

**137.** The ratio of contributions made by the electric field and magnetic field components to the intensity of an electromagnetic wave is : (c = speed of electromagnetic waves)

(1) c : 1

(2) 1 : 1

(3) 1 : c

(4) 1 : $c^2$

**138.** The Brewsters angle $i_b$ for an interface should be :

(1) $0° < i_b < 30°$

(2) $30° < i_b < 45°$

(3) $45° < i_b < 90°$

(4) $i_b = 90°$

Learn Era ACADEMY

139. किसी सिलिण्डर में 249 kPa दाब और 27°C ताप पर हाइड्रोजन गैस भरी है।

इसका घनत्व है : $(R = 8.3\ J\ mol^{-1} K^{-1})$

(1) $0.5\ kg/m^3$
(2) $0.2\ kg/m^3$
(3) $0.1\ kg/m^3$
(4) $0.02\ kg/m^3$

140. कोई किरण लघु प्रिज़्म कोण (प्रिज़्म कोण A) के किसी एक पृष्ठ पर आपतन कोण $i$ पर आपतन करके प्रिज़्म के विपरीत फलक से अभिलम्बवत निर्गत होती है। यदि इस प्रिज़्म के पदार्थ का अपवर्तनांक $\mu$ है, तो आपतन कोण है, लगभग :

(1) $\frac{A}{2\mu}$
(2) $\frac{2A}{\mu}$
(3) $\mu A$
(4) $\frac{\mu A}{2}$

141. समान धारिता के दो सिलिण्डर A और B एक दूसरे से किसी स्टॉप कॉक से होते हुए जुड़े हैं। A में मानक ताप और दाब पर कोई आदर्श गैस भरी है। B पूर्णत: निर्वातित है। समस्त निकाय ऊष्मीयरोधित है। स्टॉप कॉक को अचानक खोल दिया गया है। यह प्रक्रिया है :

(1) समतापी
(2) रुद्धोष्म
(3) समआयतनी
(4) समदाबी

142. किसी पदार्थ के 0.5 g के तुल्यांक ऊर्जा है :

(1) $4.5 \times 10^{16}\ J$
(2) $4.5 \times 10^{13}\ J$
(3) $1.5 \times 10^{13}\ J$
(4) $0.5 \times 10^{13}\ J$

143. पृथ्वी के पृष्ठ पर किसी पिण्ड का भार 72 N है। पृथ्वी की त्रिज्या की आधी दूरी के बराबर ऊँचाई पर इस पिण्ड पर गुरुत्वाकर्षण बल कितना होगा ?

(1) 48 N
(2) 32 N
(3) 30 N
(4) 24 N

139. A cylinder contains hydrogen gas at pressure of 249 kPa and temperature 27°C.

Its density is : $(R = 8.3\ J\ mol^{-1} K^{-1})$

(1) $0.5\ kg/m^3$
(2) $0.2\ kg/m^3$
(3) $0.1\ kg/m^3$
(4) $0.02\ kg/m^3$

140. A ray is incident at an angle of incidence $i$ on one surface of a small angle prism (with angle of prism A) and emerges normally from the opposite surface. If the refractive index of the material of the prism is $\mu$, then the angle of incidence is nearly equal to :

(1) $\frac{A}{2\mu}$
(2) $\frac{2A}{\mu}$
(3) $\mu A$
(4) $\frac{\mu A}{2}$

141. Two cylinders A and B of equal capacity are connected to each other via a stop cock. A contains an ideal gas at standard temperature and pressure. B is completely evacuated. The entire system is thermally insulated. The stop cock is suddenly opened. The process is :

(1) isothermal
(2) adiabatic
(3) isochoric
(4) isobaric

142. The energy equivalent of 0.5 g of a substance is :

(1) $4.5 \times 10^{16}\ J$
(2) $4.5 \times 10^{13}\ J$
(3) $1.5 \times 10^{13}\ J$
(4) $0.5 \times 10^{13}\ J$

143. A body weighs 72 N on the surface of the earth. What is the gravitational force on it, at a height equal to half the radius of the earth ?

(1) 48 N
(2) 32 N
(3) 30 N
(4) 24 N

Learn Era ACADEMY

144. प्रतिरोध के ऋणात्मक ताप गुणांक वाले ठोस होते हैं :

(1) धातुएँ

(2) केवल रोधी

(3) केवल अर्धचालक

(4) रोधी और अर्धचालक

145. सरल आवर्ती गति करते किसी कण के विस्थापन और त्वरण के बीच कलान्तर होता है :

(1) $\pi$ rad

(2) $\frac{3\pi}{2}$ rad

(3) $\frac{\pi}{2}$ rad

(4) शून्य

146. किसी स्क्रू गेज़ का अल्पतमांक 0.01 mm है तथा इसके वृत्तीय पैमाने पर 50 भाग हैं।

इस स्क्रू गेज़ का चूड़ी अन्तराल (पिच) है :

(1) 0.01 mm

(2) 0.25 mm

(3) 0.5 mm

(4) 1.0 mm

147. किसी गिटार में समान पदार्थ की बनी दो डोरियों A और B के स्वर हल्के से मेल नहीं खा रहे हैं और 6 Hz आवृत्ति के विस्पन्द उत्पन्न कर रहे हैं। जब B में तनाव को कुछ कम कर दिया जाता है, तो विस्पन्द आवृत्ति बढ़कर 7 Hz हो जाती है। यदि A की आवृत्ति 530 Hz है, तो B की मूल आवृत्ति है :

(1) 523 Hz

(2) 524 Hz

(3) 536 Hz

(4) 537 Hz

148. उपेक्षणीय द्रव्यमान की 1 m लम्बी किसी दृढ़ छड़ के दो सिरों से 5 kg और 10 kg द्रव्यमान के दो कण जुड़े हैं।

5 kg के कण से इस निकाय के संहति केन्द्र की दूरी (लगभग) है :

(1) 33 cm

(2) 50 cm

(3) 67 cm

(4) 80 cm

144. The solids which have the negative temperature coefficient of resistance are :

(1) metals

(2) insulators only

(3) semiconductors only

(4) insulators and semiconductors

145. The phase difference between displacement and acceleration of a particle in a simple harmonic motion is :

(1) $\pi$ rad

(2) $\frac{3\pi}{2}$ rad

(3) $\frac{\pi}{2}$ rad

(4) zero

146. A screw gauge has least count of 0.01 mm and there are 50 divisions in its circular scale.

The pitch of the screw gauge is :

(1) 0.01 mm

(2) 0.25 mm

(3) 0.5 mm

(4) 1.0 mm

147. In a guitar, two strings A and B made of same material are slightly out of tune and produce beats of frequency 6 Hz. When tension in B is slightly decreased, the beat frequency increases to 7 Hz. If the frequency of A is 530 Hz, the original frequency of B will be :

(1) 523 Hz

(2) 524 Hz

(3) 536 Hz

(4) 537 Hz

148. Two particles of mass 5 kg and 10 kg respectively are attached to the two ends of a rigid rod of length 1 m with negligible mass.

The centre of mass of the system from the 5 kg particle is nearly at a distance of :

(1) 33 cm

(2) 50 cm

(3) 67 cm

(4) 80 cm

Learn Era ACADEMY

**149.** किसी कण, जिसका स्थिति सदिश $2\hat{k}$ m है, पर जब मूल बिंदु के परितः $3\hat{j}$ N का कोई बल कार्य करता है, तो बलआघूर्ण ज्ञात कीजिए।

(1) $6\hat{i}$ N m

(2) $6\hat{j}$ N m

(3) $-6\hat{i}$ N m

(4) $6\hat{k}$ N m

**150.** 20 $cm^2$ क्षेत्रफल के किसी अपरावर्ती पृष्ठ पर 20 $W/cm^2$ औसत फ्लक्स के साथ प्रकाश अभिलम्बवत आपतन करता है। 1 मिनट की समयावधि में इस पृष्ठ पर प्राप्त की गयी ऊर्जा है :

(1) $10 \times 10^3$ J

(2) $12 \times 10^3$ J

(3) $24 \times 10^3$ J

(4) $48 \times 10^3$ J

**151.** 10 cm त्रिज्या के किसी गोलीय चालक पर $3.2 \times 10^{-7}$ C आवेश एकसमान रूप से वितरित है। इस गोले के केन्द्र से 15 cm दूरी पर विद्युत क्षेत्र का परिमाण क्या है?

$\left(\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9 \text{ N m}^2/\text{C}^2\right)$

(1) $1.28 \times 10^4$ N/C

(2) $1.28 \times 10^5$ N/C

(3) $1.28 \times 10^6$ N/C

(4) $1.28 \times 10^7$ N/C

**152.** अंतरिक्ष के 0.2 $m^3$ आयतन के किसी निश्चित क्षेत्र में हर स्थान पर विद्युत विभव 5 V पाया गया है। इस क्षेत्र में विद्युत क्षेत्र का परिमाण है :

(1) शून्य

(2) 0.5 N/C

(3) 1 N/C

(4) 5 N/C

**153.** किसी p-n संधि डायोड में अवक्षय-क्षेत्र की चौड़ाई में वृद्धि का कारण है :

(1) केवल अग्रदिशिक बायस

(2) केवल पश्चदिशिक बायस

(3) अग्रदिशिक और पश्चदिशिक बायस दोनों

(4) अग्रदिशिक धारा (current) में वृद्धि

**149.** Find the torque about the origin when a force of $3\hat{j}$ N acts on a particle whose position vector is $2\hat{k}$ m.

(1) $6\hat{i}$ N m

(2) $6\hat{j}$ N m

(3) $-6\hat{i}$ N m

(4) $6\hat{k}$ N m

**150.** Light with an average flux of 20 $W/cm^2$ falls on a non-reflecting surface at normal incidence having surface area 20 $cm^2$. The energy received by the surface during time span of 1 minute is :

(1) $10 \times 10^3$ J

(2) $12 \times 10^3$ J

(3) $24 \times 10^3$ J

(4) $48 \times 10^3$ J

**151.** A spherical conductor of radius 10 cm has a charge of $3.2 \times 10^{-7}$ C distributed uniformly. What is the magnitude of electric field at a point 15 cm from the centre of the sphere ?

$\left(\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9 \text{ N m}^2/\text{C}^2\right)$

(1) $1.28 \times 10^4$ N/C

(2) $1.28 \times 10^5$ N/C

(3) $1.28 \times 10^6$ N/C

(4) $1.28 \times 10^7$ N/C

**152.** In a certain region of space with volume 0.2 $m^3$, the electric potential is found to be 5 V throughout. The magnitude of electric field in this region is :

(1) zero

(2) 0.5 N/C

(3) 1 N/C

(4) 5 N/C

**153.** The increase in the width of the depletion region in a p-n junction diode is due to :

(1) forward bias only

(2) reverse bias only

(3) both forward bias and reverse bias

(4) increase in forward current

Learn Era ACADEMY

154. 40 $\mu$F के किसी संधारित्र को 200 V, 50 Hz की ac आपूर्ति से संयोजित किया गया है। इस परिपथ में धारा का वर्ग माध्य मूल (rms) मान है, लगभग :

(1) 1.7 A
(2) 2.05 A
(3) 2.5 A
(4) 25.1 A

155. किसी गैस के लिए, जिसका आण्विक व्यास d तथा संख्या घनत्व n है, माध्य मुक्त पथ को इस प्रकार व्यक्त किया जा सकता है :

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n\pi d}$
(2) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n\pi d^2}$
(3) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n^2\pi d^2}$
(4) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n^2\pi^2 d^2}$

156. ट्रांजिस्टर क्रिया के लिए नीचे दिया गया कौनसा कथन **सही** है ?

(1) आधार, उत्सर्जक और संग्राहक क्षेत्रों की डोपन सांद्रताएँ समान होनी चाहिए।
(2) आधार, उत्सर्जक और संग्राहक क्षेत्रों के साइज़ समान होने चाहिए।
(3) उत्सर्जक संधि और संग्राहक संधि दोनों ही अग्रदिशिक बायसित होती हैं।
(4) आधार क्षेत्र बहुत पतला और हल्का डोपित होना चाहिए।

157. देहली आवृत्ति की 1.5 गुनी आवृत्ति का प्रकाश, प्रकाश सुग्राही पदार्थ पर आपतन करता है। यदि प्रकाश की आवृत्ति आधी तथा उसकी तीव्रता दो गुनी कर दी जाए, तो प्रकाश विद्युत धारा कितनी होगी ?

(1) दो गुनी
(2) चार गुनी
(3) एक-चौथाई
(4) शून्य

158. जब यूरेनियम के किसी समस्थानिक $^{235}_{92}U$ पर न्यूट्रॉन बमबारी करता है, तो $^{89}_{36}Kr$ और तीन न्यूट्रॉनों के साथ उत्पन्न होने वाला नाभिक है :

(1) $^{144}_{56}Ba$
(2) $^{91}_{40}Zr$
(3) $^{101}_{36}Kr$
(4) $^{103}_{36}Kr$

154. A 40 $\mu$F capacitor is connected to a 200 V, 50 Hz ac supply. The rms value of the current in the circuit is, nearly :

(1) 1.7 A
(2) 2.05 A
(3) 2.5 A
(4) 25.1 A

155. The mean free path for a gas, with molecular diameter d and number density n can be expressed as :

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n\pi d}$
(2) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n\pi d^2}$
(3) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n^2\pi d^2}$
(4) $\frac{1}{\sqrt{2}\ n^2\pi^2 d^2}$

156. For transistor action, which of the following statements is **correct** ?

(1) Base, emitter and collector regions should have same doping concentrations.
(2) Base, emitter and collector regions should have same size.
(3) Both emitter junction as well as the collector junction are forward biased.
(4) The base region must be very thin and lightly doped.

157. Light of frequency 1.5 times the threshold frequency is incident on a photosensitive material. What will be the photoelectric current if the frequency is halved and intensity is doubled ?

(1) doubled
(2) four times
(3) one-fourth
(4) zero

158. When a uranium isotope $^{235}_{92}U$ is bombarded with a neutron, it generates $^{89}_{36}Kr$, three neutrons and :

(1) $^{144}_{56}Ba$
(2) $^{91}_{40}Zr$
(3) $^{101}_{36}Kr$
(4) $^{103}_{36}Kr$

LearnEra ACADEMY

**159.** DNA में एक बंध को खण्डित करने के लिए आवश्यक ऊर्जा $10^{-20}$ J है। eV में यह मान है, लगभग :

(1) 6

(2) 0.6

(3) 0.06

(4) 0.006

**160.** 4 kg और 6 kg द्रव्यमान के दो पिण्डों के सिरों को किसी द्रव्यमानरहित डोरी से बांधा गया है। यह डोरी किसी घर्षणरहित घिरनी से गुजरती है (आरेख देखिए)। गुरुत्वीय त्वरण (g) के पदों में इस निकाय का त्वरण है :




(1) g

(2) g/2

(3) g/5

(4) g/10

**161.** अनुप्रस्थ काट क्षेत्रफल A तथा लम्बाई L का कोई तार किसी स्थायी टेक से लटका है। इस तार के मुक्त सिरे से किसी द्रव्यमान M को निलंबित करने पर इसकी लम्बाई $L_1$ हो जाती है। यंग-गुणांक के लिए व्यंजक है :

(1) $\frac{MgL_1}{AL}$

(2) $\frac{Mg(L_1 - L)}{AL}$

(3) $\frac{MgL}{AL_1}$

(4) $\frac{MgL}{A(L_1 - L)}$

**162.** किसी एकपरमाणुक गैस की औसत तापीय ऊर्जा होती है : (बोल्ट्समान नियतांक $= k_B$ तथा निरपेक्ष ताप $= T$)

(1) $\frac{1}{2} k_B T$

(2) $\frac{3}{2} k_B T$

(3) $\frac{5}{2} k_B T$

(4) $\frac{7}{2} k_B T$

**159.** The energy required to break one bond in DNA is $10^{-20}$ J. This value in eV is nearly :

(1) 6

(2) 0.6

(3) 0.06

(4) 0.006

**160.** Two bodies of mass 4 kg and 6 kg are tied to the ends of a massless string. The string passes over a pulley which is frictionless (see figure). The acceleration of the system in terms of acceleration due to gravity (g) is :




(1) g

(2) g/2

(3) g/5

(4) g/10

**161.** A wire of length L, area of cross section A is hanging from a fixed support. The length of the wire changes to $L_1$ when mass M is suspended from its free end. The expression for Young's modulus is :

(1) $\frac{MgL_1}{AL}$

(2) $\frac{Mg(L_1 - L)}{AL}$

(3) $\frac{MgL}{AL_1}$

(4) $\frac{MgL}{A(L_1 - L)}$

**162.** The average thermal energy for a mono-atomic gas is : ($k_B$ is Boltzmann constant and T, absolute temperature)

(1) $\frac{1}{2} k_B T$

(2) $\frac{3}{2} k_B T$

(3) $\frac{5}{2} k_B T$

(4) $\frac{7}{2} k_B T$

**163.** नीचे दिया गया कौनसा ग्राफ कॉपर के लिए, ताप (T) के साथ प्रतिरोधकता (ρ) के विचरण को निरूपित करता है ?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**164.** नीचे किसी प्रतिरोध का वर्ण कोड दिया गया है :




इसके प्रतिरोध और सह्यता के मान क्रमशः हैं :

(1) 470 kΩ, 5%

(2) 47 kΩ, 10%

(3) 4.7 kΩ, 5%

(4) 470 Ω, 5%

**165.** यंग के द्विझिरी प्रयोग में, यदि कलासंबद्ध स्रोतों के बीच का पृथकन आधा तथा पर्दे से कलासंबद्ध स्रोतों की दूरी को दो गुना कर दिया जाए, तो फ्रिंज चौड़ाई हो जाएगी :

(1) दो गुनी

(2) आधी

(3) चार गुनी

(4) एक-चौथाई

**163.** Which of the following graph represents the variation of resistivity (ρ) with temperature (T) for copper ?

(1) 


(2) 


(3) 


(4) 


**164.** The color code of a resistance is given below :




The values of resistance and tolerance, respectively, are :

(1) 470 kΩ, 5%

(2) 47 kΩ, 10%

(3) 4.7 kΩ, 5%

(4) 470 Ω, 5%

**165.** In Young's double slit experiment, if the separation between coherent sources is halved and the distance of the screen from the coherent sources is doubled, then the fringe width becomes :

(1) double

(2) half

(3) four times

(4) one-fourth

**166.** किसी समान्तर पट्टिका संधारित्र, जिसमें माध्यम के रूप में वायु भरी है, की धारिता 6 $\mu$F है। कोई परावैद्युत माध्यम भरने पर इसकी धारिता 30 $\mu$F हो जाती है। इस माध्यम का परावैद्युतांक है :

($\epsilon_0 = 8.85 \times 10^{-12}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$)

(1) $0.44 \times 10^{-13}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(2) $1.77 \times 10^{-12}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(3) $0.44 \times 10^{-10}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(4) 5.00 $C^2 N^{-1} m^{-2}$

**167.** प्रतिबल की विमाएँ हैं :

(1) $[MLT^{-2}]$
(2) $[ML^2T^{-2}]$
(3) $[ML^0T^{-2}]$
(4) $[ML^{-1}T^{-2}]$

**168.** यह मानिए कि किसी तारे से 600 nm तरंगदैर्ध्य का प्रकाश आ रहा है। उस दूरदर्शक जिसके अभिदृश्यक का व्यास 2 m है, के विभेदन की सीमा है :

(1) $3.66 \times 10^{-7}$ rad
(2) $1.83 \times 10^{-7}$ rad
(3) $7.32 \times 10^{-7}$ rad
(4) $6.00 \times 10^{-7}$ rad

**169.** कोई श्रेणी LCR परिपथ किसी ए.सी. वोल्टता स्रोत से संयोजित है। जब L को हटा लिया जाता है, तो धारा और वोल्टता के बीच $\frac{\pi}{3}$ का कलान्तर होता है। यदि इसके स्थान पर परिपथ से C को हटाते हैं, तो भी धारा और वोल्टता के बीच कलान्तर $\frac{\pi}{3}$ ही रहता है। इस परिपथ का शक्ति गुणक है :

(1) शून्य
(2) 0.5
(3) 1.0
(4) $-1.0$

**170.** किसी लघु विद्युत द्विध्रुव का द्विध्रुव आघूर्ण $16 \times 10^{-9}$ C m है। इस द्विध्रुव के कारण, इस द्विध्रुव के अक्ष से 60° का कोण बनाने वाली किसी रेखा पर स्थित 0.6 m दूरी के किसी बिन्दु पर, विद्युत विभव होगा :

$\left(\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9 \text{ N m}^2/\text{C}^2\right)$

(1) 50 V
(2) 200 V
(3) 400 V
(4) शून्य

**166.** The capacitance of a parallel plate capacitor with air as medium is 6 $\mu$F. With the introduction of a dielectric medium, the capacitance becomes 30 $\mu$F. The permittivity of the medium is :

($\epsilon_0 = 8.85 \times 10^{-12}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$)

(1) $0.44 \times 10^{-13}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(2) $1.77 \times 10^{-12}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(3) $0.44 \times 10^{-10}$ $C^2 N^{-1} m^{-2}$
(4) 5.00 $C^2 N^{-1} m^{-2}$

**167.** Dimensions of stress are :

(1) $[MLT^{-2}]$
(2) $[ML^2T^{-2}]$
(3) $[ML^0T^{-2}]$
(4) $[ML^{-1}T^{-2}]$

**168.** Assume that light of wavelength 600 nm is coming from a star. The limit of resolution of telescope whose objective has a diameter of 2 m is :

(1) $3.66 \times 10^{-7}$ rad
(2) $1.83 \times 10^{-7}$ rad
(3) $7.32 \times 10^{-7}$ rad
(4) $6.00 \times 10^{-7}$ rad

**169.** A series LCR circuit is connected to an ac voltage source. When L is removed from the circuit, the phase difference between current and voltage is $\frac{\pi}{3}$. If instead C is removed from the circuit, the phase difference is again $\frac{\pi}{3}$ between current and voltage. The power factor of the circuit is :

(1) zero
(2) 0.5
(3) 1.0
(4) $-1.0$

**170.** A short electric dipole has a dipole moment of $16 \times 10^{-9}$ C m. The electric potential due to the dipole at a point at a distance of 0.6 m from the centre of the dipole, situated on a line making an angle of 60° with the dipole axis is :

$\left(\frac{1}{4\pi\epsilon_0} = 9 \times 10^9 \text{ N m}^2/\text{C}^2\right)$

(1) 50 V
(2) 200 V
(3) 400 V
(4) zero

Learn Era ACADEMY

**171.** 599 धारणशीलता की किसी लोहे की छड़ पर 1200 A $m^{-1}$ तीव्रता का चुम्बकीय क्षेत्र लगाया गया है। इस छड़ के पदार्थ की पारगम्यता है :

($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$)

(1) $2.4\pi \times 10^{-4}$ T m $A^{-1}$
(2) $8.0 \times 10^{-5}$ T m $A^{-1}$
(3) $2.4\pi \times 10^{-5}$ T m $A^{-1}$
(4) $2.4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$

**172.** 50 cm लम्बी किसी परिनालिका, जिसमें 100 फेरे हैं, से 2.5 A धारा प्रवाहित हो रही है। इस परिनालिका के केन्द्र पर चुम्बकीय क्षेत्र है :

($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$)

(1) $6.28 \times 10^{-4}$ T
(2) $3.14 \times 10^{-4}$ T
(3) $6.28 \times 10^{-5}$ T
(4) $3.14 \times 10^{-5}$ T

**173.** किसी आवेशित कण, जिसका $3 \times 10^{-10}$ V$m^{-1}$ तीव्रता के विद्युत क्षेत्र में अपवाह वेग $7.5 \times 10^{-4}$ m $s^{-1}$ है, की $m^2 V^{-1} s^{-1}$ में गतिशीलता है :

(1) $2.25 \times 10^{15}$
(2) $2.5 \times 10^{6}$
(3) $2.5 \times 10^{-6}$
(4) $2.25 \times 10^{-15}$

**174.** $r_1$ और $r_2$ त्रिज्याओं ($r_1 = 1.5\, r_2$) के दो कॉपर के ठोस गोलों के ताप में 1 K की वृद्धि करने के लिए आवश्यक ऊष्माओं की मात्राओं का अनुपात है :

(1) $\frac{27}{8}$
(2) $\frac{9}{4}$
(3) $\frac{3}{2}$
(4) $\frac{5}{3}$

**175.** विरामावस्था के किसी इलेक्ट्रॉन को V वोल्ट के विभवान्तर से त्वरित किया गया है। यदि इस इलेक्ट्रॉन की दे ब्रॉग्ली तरंगदैर्ध्य $1.227 \times 10^{-2}$ nm है, तो विभवान्तर है :

(1) 10 V
(2) $10^2$ V
(3) $10^3$ V
(4) $10^4$ V

**176.** सार्थक अंकों को महत्व देते हुए 9.99 m − 0.0099 m का मान क्या है?

(1) 9.9801 m
(2) 9.98 m
(3) 9.980 m
(4) 9.9 m

**171.** An iron rod of susceptibility 599 is subjected to a magnetising field of 1200 A $m^{-1}$. The permeability of the material of the rod is :

($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$)

(1) $2.4\pi \times 10^{-4}$ T m $A^{-1}$
(2) $8.0 \times 10^{-5}$ T m $A^{-1}$
(3) $2.4\pi \times 10^{-5}$ T m $A^{-1}$
(4) $2.4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$

**172.** A long solenoid of 50 cm length having 100 turns carries a current of 2.5 A. The magnetic field at the centre of the solenoid is :

($\mu_0 = 4\pi \times 10^{-7}$ T m $A^{-1}$)

(1) $6.28 \times 10^{-4}$ T
(2) $3.14 \times 10^{-4}$ T
(3) $6.28 \times 10^{-5}$ T
(4) $3.14 \times 10^{-5}$ T

**173.** A charged particle having drift velocity of $7.5 \times 10^{-4}$ m $s^{-1}$ in an electric field of $3 \times 10^{-10}$ V$m^{-1}$, has a mobility in $m^2 V^{-1} s^{-1}$ of :

(1) $2.25 \times 10^{15}$
(2) $2.5 \times 10^{6}$
(3) $2.5 \times 10^{-6}$
(4) $2.25 \times 10^{-15}$

**174.** The quantities of heat required to raise the temperature of two solid copper spheres of radii $r_1$ and $r_2$ ($r_1 = 1.5\, r_2$) through 1 K are in the ratio :

(1) $\frac{27}{8}$
(2) $\frac{9}{4}$
(3) $\frac{3}{2}$
(4) $\frac{5}{3}$

**175.** An electron is accelerated from rest through a potential difference of V volt. If the de Broglie wavelength of the electron is $1.227 \times 10^{-2}$ nm, the potential difference is :

(1) 10 V
(2) $10^2$ V
(3) $10^3$ V
(4) $10^4$ V

**176.** Taking into account of the significant figures, what is the value of 9.99 m − 0.0099 m ?

(1) 9.9801 m
(2) 9.98 m
(3) 9.980 m
(4) 9.9 m

Learn Era ACADEMY

**177.** किसी मीनार के शिखर से किसी गेंद को 20 m/s के वेग से ऊर्ध्वाधर अधोमुखी फेंका गया है। कुछ समय पश्चात यह गेंद धरती से 80 m/s के वेग से टकराती है। इस मीनार की ऊँचाई है : $(g = 10\ m/s^2)$

(1) 360 m
(2) 340 m
(3) 320 m
(4) 300 m

**178.** त्रिज्या r की कोई केशिका नली जल में डूबी है और इसमें जल ऊँचाई h तक चढ़ गया है। केशिका नली में भरे जल का द्रव्यमान 5 g है। त्रिज्या 2r की कोई अन्य केशिका नली जल में डूबी है। इस नली में ऊपर चढ़े जल का द्रव्यमान है :

(1) 2.5 g
(2) 5.0 g
(3) 10.0 g
(4) 20.0 g

**179.** किसी मीटर सेतु के बाएँ अन्तराल में संयोजित कोई प्रतिरोध तार इसके दाएँ अन्तराल के 10 Ω प्रतिरोध को उस बिन्दु पर संतुलित करता है जो सेतु के तार को 3 : 2 के अनुपात में विभाजित करता है। यदि प्रतिरोध तार की लम्बाई 1.5 m है, तो इस प्रतिरोध तार की वह लम्बाई जिसका प्रतिरोध 1 Ω होगा, है :

(1) $1.0 \times 10^{-2}$ m
(2) $1.0 \times 10^{-1}$ m
(3) $1.5 \times 10^{-1}$ m
(4) $1.5 \times 10^{-2}$ m

**180.** दर्शाए गए तर्क परिपथ के लिए, सत्यमान सारणी है :




(1)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 |

(2)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 1 |
| 1 | 0 | 1 |
| 1 | 1 | 1 |

(3)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 1 |
| 0 | 1 | 1 |
| 1 | 0 | 1 |
| 1 | 1 | 0 |

(4)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 1 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 0 |

- o 0 o -

**177.** A ball is thrown vertically downward with a velocity of 20 m/s from the top of a tower. It hits the ground after some time with a velocity of 80 m/s. The height of the tower is : $(g = 10\ m/s^2)$

(1) 360 m
(2) 340 m
(3) 320 m
(4) 300 m

**178.** A capillary tube of radius r is immersed in water and water rises in it to a height h. The mass of the water in the capillary is 5 g. Another capillary tube of radius 2r is immersed in water. The mass of water that will rise in this tube is :

(1) 2.5 g
(2) 5.0 g
(3) 10.0 g
(4) 20.0 g

**179.** A resistance wire connected in the left gap of a metre bridge balances a 10 Ω resistance in the right gap at a point which divides the bridge wire in the ratio 3 : 2. If the length of the resistance wire is 1.5 m, then the length of 1 Ω of the resistance wire is :

(1) $1.0 \times 10^{-2}$ m
(2) $1.0 \times 10^{-1}$ m
(3) $1.5 \times 10^{-1}$ m
(4) $1.5 \times 10^{-2}$ m

**180.** For the logic circuit shown, the truth table is :




(1)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 1 |

(2)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 0 |
| 0 | 1 | 1 |
| 1 | 0 | 1 |
| 1 | 1 | 1 |

(3)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 1 |
| 0 | 1 | 1 |
| 1 | 0 | 1 |
| 1 | 1 | 0 |

(4)

| A | B | Y |
|---|---|---|
| 0 | 0 | 1 |
| 0 | 1 | 0 |
| 1 | 0 | 0 |
| 1 | 1 | 0 |

- o 0 o -

रफ कार्य के लिए जगह / Space For Rough Work

Learn Era ACADEMY

रफ कार्य के लिए जगह / Space For Rough Work

Learn Era
ACADEMY

| *निम्नलिखित निर्देश ध्यान से पढ़ें :* | ***Read carefully the following instructions :*** |
|---|---|
| 1. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएं। | 1. Each candidate must show on demand his/her Admit Card to the Invigilator. |
| 2. अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें। | 2. No candidate, without special permission of the Superintendent or Invigilator, would leave his/her seat. |
| 3. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं उपस्थिति-पत्रक पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना कोई परीक्षार्थी परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेंगे। **यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार उपस्थिति-पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा।** | 3. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. **Cases where a candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case.** |
| 4. इलेक्ट्रानिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है। | 4. Use of Electronic/Manual Calculator is prohibited. |
| 5. परीक्षा-हॉल में आचरण के लिए परीक्षार्थी, परीक्षा के नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं। अनुचित साधन के सभी मामलों का फैसला इस परीक्षा के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा। | 5. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the examination with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of this examination. |
| 6. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें। | 6. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances. |
| 7. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति-पत्रक में लिखें। | 7. The candidates will write the Correct Test Booklet Code as given in the Test Booklet/ Answer Sheet in the Attendance Sheet. |

Learn Era ACADEMY